श्री राणा रणधीर, माननीय स0वि0स0 द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित याचिका संख्या– 405 / 26 का उत्तर प्रतिवेदन।

| प्रश्न | उत्तर प्रतिवेदन |
|---|---|
| पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत पकड़ीदयाल प्रखंड के धानौजी पंचायत स्थित हथीऔल पासवान टोला, वार्ड नं०–08 में निर्मित नहर पर पुल का निर्माण नहीं होने से इस क्षेत्र के किसानों को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा हैं। उक्त नहर पर पुल नहीं रहने से कृषि कार्य हेतु ट्रैक्टर सहित अन्य वाहन एवं कृषि यंत्रों को खेतों तक ले जाने में भारी परेशानी होती है। जिससे समय, श्रम एवं आर्थिक संसाधनों की अनावश्यक हानि हो रही है। विशेष रूप से खरीफ एवं रबी फसल के समय किसानों को वैकल्पिक एवं असुरक्षित मार्गो का उपयोग करना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है।<br>अतः अनुरोध है कि जनहित एवं किसान हित को ध्यान में रखते हुए धानौजी पंचायत के हथीऔल पासवान टोला, वार्ड नं०–08 स्थित उक्त नहर पर पुल निर्माण कराने की कृपा की जाय। जिससे क्षेत्र के किसानों को कृषि कार्य में सुविधा प्राप्त हो सके और आवागमन सुगम हो । | वस्तुस्थिति यह है कि<br>सिरहा उपवितरणी के अंतिम छोर से हथीऔल लघु नहर निःसृत है। हथीऔल लघु नहर की कुल लंबाई 2.01 कि०मी० है। याचिकाकर्ता द्वारा हथीऔल लघु नहर के कि०मी० 1.375 तथा कि०मी० 1.725 पर पुल निर्माण हेतु अनुरोध किया गया है। वर्तमान में प्रश्नगत पुलों से होकर कोई भी सड़क नहीं गुजरती है। प्रश्नगत पुलों के अपस्ट्रीम में 375 मीटर की दूरी पर तथा डाउन स्ट्रीम में 600 मीटर के दूरी पर एकपथीय सेतु अवस्थित है, जिससे आवागमन सुचारू रूप से चालू है।<br>वर्तमान में प्रश्नगत पुलों का निर्माण विभाग स्तर पर विचाराधीन नहीं है। |

P.T.O

Y

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

ज्ञापांक–25/वि0स0या0(मो0)–07–02/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को उनके ज्ञापांक–265 दिनांक–08.04.2026 के प्रसंग में याचिका सं0–405/26 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0या0(मो0)–07–02/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0या0(मो0)–07–02/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0या0(मो0)–07–02/2026– 3408 पटना, दिनांक– 30/07/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

30.07.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
30.7.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo